वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 320 सोमवार 18 मार्च 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## पेपरलीक में आरपीएससी चेयरमैन से होगी पूछताछ



### इंटरव्यू भी पास करवाता था माफिया, जांच टीम से सीएम बोले- किसी से डरने की जरूरत नहीं

**जयपुर. कासं।** एसआई भर्ती 2021 पेपर लीक कर पास हुए आरोपियों से पूछताछ में कई जानकारियां सामने आई हैं। इसमें सबसे बड़ा खुलासा ये हुआ है कि पेपर लीक माफिया ने इंटरव्यू में भी पास होने की पूरी व्यवस्था कर रखी थी। पेपर पास कराने के लिए 40 लाख रुपए एक अभ्यर्थी से लिए गए। इसमें पेपर लीक, डमी कैंडिडेट और इंटरव्यू पास कराने तक के रुपए लिए गए। ये सभी जानकारी एडीजी एसओजी वीके सिंह ने सीएम भजनलाल से भी शेयर की थी। इसके बाद सीएम ने पूरी टीम से कहा कि किसी से डरने की जरूरत नहीं है। हर वह व्यक्ति अपराधी है, जो पेपर लीक में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मिला हुआ है। एसओजी पेपर लीक मामले में आरपीएससी चेयरमैन संजय श्रोत्रिय से लेकर इंटरव्यू में बैठे बोर्ड से पूछताछ करेगी। पेपर लीक में जयपुर से पकड़े गए मास्टरमाइंड जगदीश विश्नोई और पास होने वाले एसआई ने एसओजी की पूछताछ में बताया कि वह लोग कम नॉलेज और जीरो कॉन्फिडेंस होने के बाद भी इंटरव्यू को पास कर गए थे। एसओजी ने आरोपी एसआई के सभी बयानों की रिकॉर्डिंग की है। अब एसओजी कुछ दिनों में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) भी पहुंच सकती है।

### एसआई जगदीश सिहाग भी करवा चुका कई भर्तियों में नकल

एसआई भर्ती परीक्षा 2014 में नकल कर पास हुए जगदीश सिहाग ने एसओजी को बताया- वह साल 2014 से अब तक कई भर्तियों में अभ्यर्थियों को पास करवा चुका है। अलग-अलग गैंग के साथ में काम कर रहा था। सिहाग से मिली जानकारी को एसओजी पुष्टि करने में लगी हुई हैं, क्योंकि सिहाग को ध्यान नहीं है कि वह 10 साल में कितने लोगों को इस तरह से नौकरी में लगवा चुका है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सिहाग ने अपनी बहन समेत दो दर्जन से अधिक लोगों को डमी कैंडिडेट बनाकर बिठाया था। पेपर में बैठने के लिए जगदीश सिहाग की बहन लेक्चरर वर्षा 10 से 15 लाख रुपए लिया करती थी। जगदीश 10 से 15 लाख बहन वर्षा को देता था।

# राज्यपाल ने छप्पन भोग झांकी के किए दर्शन

**मन्दिर प्रांगण में मनाए जा रहे फागोत्सव में भाग लिया। राज्यपाल ने गोविंद देव जी मन्दिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की**



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार को श्री गोविंद देव जी मंदिर में विधिवत पूजा और आरती कर प्रदेशवासियों की संपन्नता और खुशहाली के लिए कामना की है। वहां उन्होंने जन-जन के आराध्य भगवान गोविंद देव जी की आरती उतारी और विधिवत पूजा अर्चना की। उन्होंने भगवान को लगाएं छप्पन भोग की झांकी के भी दर्शन किए। बाद में उन्होंने मंदिर प्रांगण में लगभग 200 वर्षों से मनाए जा रहे फागोत्सव में भी भाग लिया।

# इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद में चंडीगढ़, गोवा आगे, राजस्थान 14वें नंबर पर

**जयपुर. कासं**



भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। पिछले कुछ सालों में देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) सेगमेंट बड़ी ग्रोथ देखी गई है। देश में 2022 के मुकाबले 2023 में 6.3% अधिक वाहनों की एंट्री हुई है। पूरे साल में 15 लाख से अधिक (15,29,967) ईवी बिके हैं। इनमें सबसे अधिक बिक्री मई (1,58,343) और नवंबर (1,53,518) में हुई। इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद में चंडीगढ़, गोवा और दिल्ली टॉप पर हैं। इस लिस्ट में राजस्थान का नंबर 14वां है। राजस्थान में 2022 के मुकाबले 2023 में मात्र 0.7% की ग्रोथ हुई है। वहीं अगर चंडीगढ़ की बात करें तो 5.34% से बढ़कर 12.5%, गोवा में 8.03% से बढ़कर 11.65% और दिल्ली में 10.23% से बढ़कर 11.2% यह ग्रोथ हुई है। 4 व्हीलर और बसों के बाद ईवी में स्पेशल कैटेगरी व्हीकल्स भी तैयार हो रहे हैं। 6 क्रेन्स और 8 इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर्स खेतों में नजर आ चुके हैं, 2024 में इनकी संख्या भी तेजी से बढ़ेगी। **3 व्हीलर में सबसे ज्यादा बिके यात्री वाहन:** 2023 में 3 व्हीलर सेगमेंट में 5,82,121 की बिक्री हुई है, जिनमें से 4,73,720 यात्री वाहन थे। इसमें सबसे अग्रणी वाईसी इलेक्ट्रिक वाहन (40,655), महिंद्रा और महिंद्रा लि. (37,925) और साइरा इले. (29,322) रही है।

# भारतीय जैन मिलन का राष्ट्रीय अधिवेशन बड़ौत में सम्पन्न

## नरेश जैन को वीर ऑफ द ईयर सम्मान मिला






अशोकनगर। भारतीय जैन मिलन का राष्ट्रीय सम्मेलन बड़ौत मै सम्पन्न हुआ जिसमै देश भर से भारी संख्या में शाखाओं ने भाग लिया। शहर से 5 वीर एवं 2 वीरांगनाओं ने सहभागिता कर वरिष्ठ नेतृत्व से दिशा-निर्देश प्राप्त किये।अधिवेशन मै वर्ष भर में किये कार्यो के आधार पर पुरूस्कार दिऐ गये।भारतीय जैन मिलन क्षेत्र 12 के क्षेत्रीय अध्यक्ष नरेश जैन को वीर ऑफ द ईयर सम्मान प्रदान किया गया एवं सर्वश्रेष्ठ शाखा अध्यक्ष जैन मिलन सेंट्रल के अध्यक्ष जितेंद्र जैन चुने गए ।सम्मान के इस क्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची, सुनील जैन धन्नू,निर्मल मिर्ची को भी को सम्मानित किया गया।ज्ञातव्य हो कि भारतीय जैन मिलन की स्थापना 2 मई 1966 को देहरादून में हुईं थी।इस समय देश में जैन मिलन की कुल 1400 से अधिक शाखाएं कार्यरत हैं जिन्होंने अपने समाज सेवी कार्यों से समूचे राष्ट्र में जैन मिलन की विशेष छवि बनाई है ।राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय जैन ने कहाकि अपने धर्म की जानकारी युवाओं को देना होगी तभी वह संस्कारित होगें ।हमें जैन मिलन मे युवाओं की भागीदारी बढ़ाना होगी ।इस अवसर पर विशिष्ट राष्ट्रीय संरक्षक वीर सुरेश जैन 'रितुराज' ने अपने उदबोधन में कहाकि हमे में अपनी एकता एवं सक्रियता से ही अपना समाज मे स्थान बनाना होगा तभी हम संस्था को समाज सेवा के क्षेत्र में ऊंचाईयों तक ले जा पाएंगे। आपने विशेष जोर देकर कहा कि जनगणना में सभी को जैन अवश्य लिखना चाहिए। संचालन राष्ट्रीय महामंत्री अजय जैन सहारनपुर एवं मनोज जैन मुज्जफरनगर ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय जैन गुना,राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन राघोगढ़ के नेतृत्व में क्षेत्र 12 के 40 से अधिक वीर-वीरांगनाओ ने 58वें राष्ट्रीय अधिवेशन में सहभागिता की।

# भक्ति भाव व पूर्ण श्रद्धा के साथ प्रारम्भ हुई सिद्ध चक्रमहामण्डल विधान पूजा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



जैन धर्म के शाश्वत अष्टान्हिका महापर्व पर आज रविवार को भक्ति भाव व पूर्ण श्रद्धा के साथ प्रारम्भ हुई सिद्ध चक्र महामण्डल विधान की पूजा।वीतराग विज्ञान महिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला जैन अलवर वालों के सानिध्य में आगामी 24 मार्च तक आयोजित इस आठ दिवसीय पूजा में सिद्धों का गुण गाण किया जायेगा। विधान के मुख्य समन्वयक हीरा चन्द बैद ने बताया कि आज विधानाचार्य पंडित जिनेन्द्र शास्त्री ने पूजा के प्रारम्भ में मंगल कलश की स्थापना करा पूजा प्रतिज्ञा दिलाई। डा. शांति कुमार पाटिल ने कविवर सन्त कुमार जी द्वारा लिखित सिद्धचक्र विधान पूजा का बहुत ही मार्मिक रूप से अर्थ समझाया। आज की पूजा में समाज श्रेष्ठी उमरावमल सांघी की गरिमामय उपस्थिति रही। प्रसिद्ध गायक कलाकार पंडित हिमांशु शास्त्री, पंडित समकित शास्त्री एवं पंडित अनेकांत शास्त्री ने विभिन्न रागों में पूजा का गायन कर सब को सम्मोहित कर दिया। मेरठ से आये साजन्दों व गायकों का अच्छा समागम देखने को मिला। पूजा के प्रारम्भ में हीरा चन्द बैद के निर्देशन में भगवान महावीर की खड्गासन प्रतिमा के अभिषेक हुए। सिद्ध परमेष्ठि भगवन्तों की जय- जयकार से सम्पूर्ण वातावरण गुंजायमान हो उठा था।

# आचार्य विद्या सागर जी महाराज की पूजा कर बच्चों ने विनयांजलि अर्पित की




**डडूका. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन पाठशाला डडूका के बच्चो ने रविवारीय सामूहिक पूजा के क्रम में आज प्रातः देव, शास्त्र और गुरु पूजा के बाद इस सदी के महान जैन संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की सामूहिक पूजन कर उन्हे विनयांजलि अर्पित की। आयोजन का निर्देशन पाठशाला प्रेरक अजीत कोठिया ने किया।पूजन व्यवस्था में सहयोग रियल जैन, हर्षल जैन, मिष्ठी जैन, कथनी जैन, निश्चल शाह, कल्प सेठ, सिद्धम शाह, भाग्य जेन, भाग्य शाह, दिव्य जैन, माही जैन, सृष्टि जैन, लक्ष जैन, चर्या जैन,दक्ष जैन, सांची जैन, देवर्ष जैन,मानवी जैन सहित 16 बच्चों ने सहयोग किया। प्रारंभ में पाठशाला प्रेरक अजीत कोठिया ने बच्चों को आज से प्रारंभ हुए फाल्गुन मास के अष्टांहिका पर्व की जानकारी दी। बच्चों ने नंदीश्वर दीप एवं पंचमेरु के अर्घ्य समर्पित किए। आयोजन हेतु समाज अध्यक्ष मनोज एस शाह बच्चों को आशीर्वाद दिया।




# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप वीर ने निशुल्क चिकित्सा शिविर एवम रक्तदान शिविर का आयोजन किया

**दिगंबर जैन सोशल ग्रुप वीर ने निशुल्क चिकित्सा शिविर एवम रक्तदान शिविर का आयोजन किया। मानव सेवार्थ के इस शिविर में कुल 74 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ, सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं हेलमेट देकर सम्मानित किया। शिविर में 562 लोगो ने अपने रजिस्ट्रेशन करवाया**

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** रविवार, 17 मार्च 2024 को दिगंबर जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन के अंतर्गत दिगंबर जैन सोश्यल ग्रुप वीर, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति एवं राजस्थान जैन युवा महासभा विद्याधर नगर जोन के द्वारा श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर पार्क, मुरलीपुरा में प्रातः 9 बजे से दोपहर चार बजे तक वृहत निःशुल्क चिकित्सा जांच, परामर्श एवं रक्तदान शिविर व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप वीर के अध्यक्ष नीरज-रेखा जैन एवं सचिव पंकज-कशिश जैन ने बताया कि मानव सेवार्थ के इस शिविर में कुल 74 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ, सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के अध्यक्ष राजेश झ सीमा बड़जात्या ने बताया की शिविर में मणिपाल हॉस्पिटल, सेहत साथी फाउंडेशन, शंकरा आई हॉस्पिटल, शेखावाटी जनाना हॉस्पिटल, क्लोव डेंटल, वेलोज ई एन टी, एस के सोनी ब्लड बैंक, फ्रीडम ब्लड सेंटर की टीम ने अपनी निशुल्क सेवाऐं दी। शिविर में 562 लोगो ने अपने रजिस्ट्रेशन कराकर विभिन्न डॉक्टर्स से निःशुल्क परामर्श लेकर बी. पी., शुगर, ई. सी. जी., हड्डियों की जांच, मोटापे की जांच, लिपिड प्रोफाइल, किडनी फंक्शन, लिवर फंक्शन, थायरॉइड की निशुल्क जांच का लाभ प्राप्त किया। दिगंबर जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष यश कमल अजमेरा व सन्मति ग्रुप के अध्यक्ष राकेश - समता गोदिका ने बताया कि इस अवसर पर बेडमिंटन के 4 बार के स्वर्ण पदक विजेता अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी रिषभ जैन को डेनमार्क की एफ जेड फोरजा स्पोर्ट कंपनी का पावर एंबेसडर बनने पर सम्मानित किया गया। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश मंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि शिविर में मरीजों को पास की कमजोर नजर के चश्मे एवं सामान्य बीमारियों की दवाईयां भी निःशुल्क वितरित की गई। इस अवसर पर महिला शक्ति का एवं विभूतियों का, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में देश एवं समाज के विकास में योगदान दिया है, उनका माला, दुप्पटा पहनाकर, मोमेंटो व प्रशस्ति देकर सम्मान किया गया। शिविर के सफल आयोजन के वीर ग्रुप के कोषाध्यक्ष आशीष-रिद्धि जैन ने वीर ग्रुप के समस्त सदस्यों का सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।







## वेद ज्ञान

### परिवर्तन से भयभीत न हों...

हर इंसान परिवर्तन से भयभीत होता है। कुछ लोगों को जिंदगी में अचानक आने वाले बदलाव डरा देते हैं। ऐसे लोगों के मन में कुछ इस तरह के सवाल चलते रहते हैं कि क्या होगा अगर नौकरी पर कोई आंच आ गई? क्या होगा अगर जीवनसाथी छोड़ कर चला गया? क्या होगा परीक्षाओं में उत्तीर्ण नहीं हुआ तो? क्या होगा व्यापार ठप हो गया तो? क्या होगा अगर सपना, सपना ही रह गया तो? निराशा और भय की ये स्थितियां सफलता की सबसे बड़ी बाधा होती हैं। हमें विश्वास नहीं खोना चाहिए। जब हम कुछ करने की ठानते हैं तो सफलता ही मिले, यह जरूरी नहीं। देरी होती है, चुनौतियां भी खड़ी होती हैं और कई बार सब करने पर भी निराशा मिलती है। हम अपनी ही सोच और क्षमताओं पर संदेह करने लगते हैं। ऐसा लगता है कि अब कुछ नहीं हो सकता। लेखिका एलेक्जेंड्रा फ्रेंजन कहती हैं, अगर दिल धड़क रहा है, फेफड़े सांस ले रहे हैं और आप जिंदा हैं तो कोई भी भला, रचनात्मक और खुशी देने वाला काम करने में देरी नहीं हुई है। इसलिए हम में विश्वास होना चाहिए कि एक न एक दिन हम हर तूफान को पार कर लेंगे और पहले से बेहतर स्थिति में पहुंच जाएंगे। इंसान की विडंबना है कि वह खुद से ही ठगा जाता है। प्रमाद और अज्ञानता की वजह से मन की मूढ़ता हर चौराहे पर इसलिए ठगी जाती है कि वह सत्य को पहचान नहीं सकी। वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन कहते हैं, 'जीने के केवल दो ही तरीके हैं। पहला यह मानना कि कोई चमत्कार नहीं होता है और दूसरा कि हर वस्तु एक चमत्कार है।' रॉबर्ट जे. कॉलियर कहते हैं, 'सफलता छोटे-छोटे कई प्रयासों का नतीजा होती है, जिन्हें कई दिनों तक बार-बार दोहराया जाता है।' अगर आप एक के बाद एक कदम उठाते रहें, जरूरत के हिसाब से बदलते रहें तो मंजिल तक जरूर पहुंचेंगे। जीवन में चाहे कितनी उदासियां क्यों न आएं, मुस्कराहट के फूल खिलाते रहिए। अपने धैर्य को, अपनी शक्ति को और आपने विश्वास को मत टूटने दीजिए। किसी भी प्रकार की परिस्थिति क्यों न आए आप अपने-आप में संतुलन बनाए रखिए। यह दुनिया का सबसे बड़ा सत्य है कि आपसे ज्यादा आपको कोई नहीं समझ सकता है।

## संपादकीय

# स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव बड़ी चुनौती

आम चुनाव की तारीखों की घोषणा हो गई है। सात चरण में मतदान होंगे। पहले चरण के मतदान से लेकर नतीजों की घोषणा तक डेढ़ महीने चुनाव का माहौल बना रहेगा। पहले चरण के मतदान से पहले भी पूरा एक महीना राजनीतिक दलों को मिला है। यानी चुनाव कुल ढाई महीने की अवधि में फैला है। यों राजनीतिक दल इसके लिए काफी पहले से तैयारियों में जुट गए थे। उम्मीदवारों के नामों की घोषणा, सहयोगी दलों के साथ सीटों के बंटवारे आदि को लेकर मंथन काफी समय से चल रहा था। अब वे अपना-अपना समीकरण लेकर मैदान में उतरेंगे। मगर चुनाव का ज्यादा दारोमदार आखिरकार मतदाता पर होता है। वह चुनाव को क्या दिशा देता है, इस पर दुनिया की नजर टिकी होती है। मगर कुछ चुनावों के अनुभवों से जाहिर है कि मतदाता चुनाव को लोकतंत्र के उत्सव के रूप में मनाने के बाजाय दलगत उन्माद से भर जाते हैं। इसी का नतीजा कई जगहों पर राजनीतिक हिंसा में दिखाई देता है। कुछ राज्यों में हिंसा की घटनाएं चिंता पैदा करती हैं। इसी के मद्देनजर भारतीय निर्वाचन आयोग को अपनी रणनीति तैयार करनी पड़ती है। चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप में संपन्न कराए जा सकें, यह निर्वाचन आयोग के सामने बड़ी चुनौती होती है। चुनाव के वक्त राजनीतिक दल एक-दूसरे पर स्वाभाविक रूप से आरोप-प्रत्यारोप लगाते हैं। उसमें कई बार आपत्तिजनक बयान भी आ जाते हैं। उस पर नजर रखना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है। मगर पिछले कुछ चुनावों से देखा जा रहा है कि पार्टियों के समर्थक खुद राजनेताओं के बयानों के बचाव या विरोध में परस्पर गुत्थम-गुत्था हो जाते हैं। पश्चिम बंगाल और दक्षिण के कुछ राज्यों में ऐसा वातावरण कुछ अधिक देखने को मिलता है। लोकतंत्र में असहमति अच्छी बात है, मगर उसे लेकर हिंसा पर उतर जाना किसी भी रूप में लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता। इससे नाहक निर्वाचन आयोग और सुरक्षाबलों की परेशानियां बढ़ती हैं। बहुत सारे मतदाताओं के मनोबल पर भी इसका असर पड़ता है और वे मतदान केंद्रों तक पहुंचने से हिचकते हैं। एक लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हर मतदाता से उम्मीद की जाती है कि न केवल वह अपने विवेक से मतदान करे, बल्कि मतदान की प्रक्रिया को भी बाधित होने से बचाए। मतदान के बदले राजनीतिक दलों की तरफ से दिए जाने वाले पैसे और उपहार वगैरह के प्रलोभन से पार पाना भी बड़ी चुनौती बन गया है, इस मामले में भी मतदाताओं की मदद की अपेक्षा है। हालांकि इतने लंबे समय तक चुनाव को फैला देने पर कुछ राजनीतिक विशेषज्ञों के एतराज को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। चुनाव की अवधि जितनी लंबी खिंचती है, उतनी ही उसमें गड़बड़ियों की आशंका भी बनी रहती है। इसे लेकर कई बार आपत्ति दर्ज कराई जा चुकी है। पहले चरण के मतदान के बाद करीब डेढ़ महीने तक वोटिंग मशीनों की निगरानी करनी पड़ेगी। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# सियासी बहाना

उम्मीद की जा रही थी कि लोकसभा चुनावों के साथ ही जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा के लिए चुनाव कराए जाएंगे। मगर करीब डेढ़ महीने तक चलने वाली चुनाव प्रक्रिया के बीच जम्मू-कश्मीर के लिए गुंजाइश नहीं निकाली जा सकी। गौरतलब है कि लोकसभा के साथ ओड़िशा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और आंध्र प्रदेश विधानसभाओं के लिए भी मतदान होंगे। यानी इन चार राज्यों में दो स्तर पर एक साथ चुनाव होंगे। हैरानी की बात है कि जम्मू-कश्मीर के हालात का हवाला देकर वहां फिलहाल विधानसभा के चुनाव न कराने की बात कही गई। जबकि राजनीतिक दलों ने निर्वाचन आयोग से लोकसभा के साथ विधानसभा के लिए भी मतदान कराने की मांग की थी। मगर इस मसले पर चुनाव आयोग का साफ कहना था कि हमने राज्य की स्थिति को देखते हुए एक साथ चुनाव न कराने का फैसला किया। संभव है कि जम्मू-कश्मीर के हालात को लेकर चुनाव आयोग का अपना आकलन हो, मगर राज्य की पार्टियों ने जिस तरह इस पर सवाल उठाए हैं, वह भी गौरतलब है। मसलन, नेशनल कांफ्रेंस ने कहा है कि अगर राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को इसका कारण बताया जा रहा है तो ऐसा कैसे हो सकता है कि संसदीय चुनावों के लिए हालात सही हैं, मगर राज्य चुनावों की खातिर सुरक्षा व्यवस्था ठीक नहीं है। दूसरी ओर, सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से फिलहाल संवेदनशील हालात से गुजर रहे मणिपुर में भी चुनाव कराने की घोषणा हुई है। दूसरी ओर पिछले कुछ समय से छिटपुट घटनाओं के अलावा जम्मू-कश्मीर में आमतौर पर स्थिति में सुधार देखा गया है। इसके अलावा वहां परिसीमन से लेकर अन्य स्तर पर जो तकनीकी व्यवस्थाएं की जानी थीं, वे भी हो चुकी हैं। ऐसे में अन्य चार राज्यों की तरह जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव कराने की गुंजाइश निकाली जा सकती थी। जम्मू-कश्मीर देश का




एक अहम हिस्सा है और उसे भी देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय हिस्सा लेने का हक है। इसके मद्देनजर वहां संपूर्ण लोकतंत्र की बहाली के लिए जरूरी कदम उठाए जाने की जरूरत है, जिसमें राज्य की विधानसभा के लिए चुनाव प्राथमिक कसौटी है।

# गो कास्ट से करें होलिका दहन जनजाति अभियान

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री राम आशापुरन चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी नवीन भण्डारी ने सभी सदस्यों के साथ एक बैठक की। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि 24 मार्च 2024 को होने वाले होलिका दहन हर साल की भांति इस बार भी गौ माता के गोबर से निर्मित गौ कास्ट के द्वारा करवाया जाए। इसके लिए 2500 होलिका दहन स्थाल का लक्ष्य रखा गया और इस हेतु एक जन जागृति अभियान चलाया जाए। इस अभियान में लोगों को प्रेरित किया जाए कि पर्यावरण की सुरक्षा एवं गौ माता को आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से अधिक से अधिक जगहों पर होलिका दहन गौ कास्ट के द्वारा किया जाए। गौ कास्ट की बुकिंग के लिए नवीन भंडारी 9314329555 से 20 मार्च 2024 तक दिए गए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। 150 किलो गौ कास्ट/थापरी पहुंच सहित गौ सेवा की राशि 2100/-रुपये रखी गई है।

# भगवान चंद्र प्रभु स्वामी के निर्वाण महोत्सव पर लाडू चढ़ाये



**सनावद. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्र प्रभु स्वामी का निर्वाण दिवस निर्वाण लाडू चढ़ाकर सभी जैन मंदिरों में मनाया गया। समाज के प्रियम जैन ने बताया कि श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रातः 7:00 बजे अभिषेक, शांतिधारा, नित्यपूजा के बाद भगवान चंद्रप्रभु स्वामी की विशेष पूजन तथा निर्वाण कांड के सामूहिक वाचन के साथ नरेश पाटनी, राकेश जैन, जंगलेश जैन, शैलेंद्र जैन, सपना जैन, मोक्षा जैन सहित श्रद्धालुओं ने निर्वाण लाडू चढ़ाया। आदिनाथ जिनालय में सलित जैन, प्रफुल्ल जैन, नीरज जैन तथा पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सुनील पंचोलिया सहित श्रद्धालुओं ने अभिषेक पूजा पाठकर निर्वाण लाडू चढ़ाया। डॉ नरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि वर्तमान 24 तीर्थंकरों की परंपरा के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु स्वामी का जन्म चंद्रप्रभ नगर के राजा महासेन तथा महादेवी लक्ष्मणा के यहां हुआ था। उनके परिणाम अत्यंत निर्मल रहते थे। एक बार दर्पण में अपना परिवर्तित मुख्य देखकर आपको वैराग्य उत्पन्न हो गया। अतः शरीर को नष्ट होने वाला जानकर आपने दिगंबर दीक्षा धारण कर ली तथा श्रमण धर्म का पालन करते हुए सयोग केवली बनकर समस्त आर्यखंड में धर्मतीर्थ का प्रवर्तन करते हुए पावन दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र सम्मेद शिखरजी से फाल्गुन शुक्ल सप्तमी के दिन सिद्धावस्था को प्राप्त हुए थे। तभी से जैन श्रद्धालु आज के दिन निर्वाण लाडू चढ़ाकर पूजा अर्चना कर धर्म लाभ लेते हैं।

# दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल द्वारा धार्मिक संस्कार शिविर 15 मई से



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल, महिला अंचल एवं राजस्थान अंचल स्थित सभी संभागों की संयुक्त बैठक दुर्गापुरा जैन मंदिर जी के स्वाध्याय कक्ष में अंचल अध्यक्ष अनिल कुमार जैन आईपीएस की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। महासमिति राजस्थान अंचल के अध्यक्ष अनिल जैन आईपीएस रिटायर्ड, महावीर जैन बाकलीवाल, महामंत्री, राष्ट्रीय युवा मंत्री मनीष वैद, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री डा राजेन्द्र जैन के साथ महिला अंचल की अध्यक्षा श्रीमती शकुंतला जैन, कार्याध्यक्ष सुरेश बांदीकुई, डा णमोकार जैन, राजेन्द्र साह ने दीप प्रज्वलित किया। दुर्गापुरा जैन मंदिर जी के भागचंद जैन एवं महावीर जैन चांदवाड ने सभी सम्माननीय सदस्यों की अगवानी कर उनको तिलक एवं माला पहनाकर स्वागत किया। सर्वप्रथम अंचल महामंत्री महावीर कुमार बाकलीवाल ने पूर्व मीटिंग की कार्यवाही पढ़ी जिसका सभी ने अनुमोदन किया। इसके बाद श्रावकाचार वर्ष एवं धार्मिक शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए सबके विचार आमंत्रित किये। वर्ष 2024 को महासमिति अंचल द्वारा घोषित श्रावकाचार वर्ष की रूपरेखा पर चर्चा हुई।

# लाडनूं में धूमधाम से मनाया गया फाग उत्सव



**लाडनूं. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन समाज लाडनूं की महिलाओं द्वारा फाग उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय जैन भवन को आकर्षक ढंग से सुसज्जित किया गया व समाज की महिलाओं ने स्नेह पूर्ण व उल्लासमय वातावरण में फूलों व गुलाल की होली खेली तथा संगीत नृत्य चंग वादन व विभिन्न खेलों के कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आयोजन में किरण बड़जात्या, नेसी बड़जात्या, सोनम पाटनी, मेरी बड़जात्या, चारु गंगवाल, राजश्री जैनाग्रवाल, मेघा मच्छी, सीमा सेठी, रश्मि पांड्या, संगीता सेठी, दीपिका जैनाग्रवाल, सारिका सेठी, मोनिका सेठी, रुचिका गंगवाल, उत्सवी पहाड़िया, प्रीति जैनाग्रवाल सहित समाज की महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। आयोजन की संयोजक नेसी बड़जात्या ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं का आभार प्रदर्शित किया।

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी के प्रवचन से...

## किसी और के जैसा होने की चाह ही हमें... रोज दुःख दे रही है और व्यर्थ परेशान कर रही है...!

भगवान महावीर कहते हैं - सत्य केवल एक ही है और वह यह है कि मैं स्वयं के अलावा इस जगत में और कुछ भी नहीं पा सकता हूँ। अधर्म का अर्थ है - स्वयं को छोड़कर और सब कुछ पाने का प्रयास करना ही अधर्म है। महावीर भगवान कहते हैं - धर्म मंगल है, पर कौन सा धर्म? यह अहिंसा, संयम और तप वाला धर्म ही मंगल है। जीवन में जो भी



श्रेष्ठ है, मंगल है, सुख है, शान्ति और आनंद है,, वह धर्म का ही फल है। जीवन में जो भी दुःख, परेशानी है,, वह अधर्म का फल है। धर्म स्वभाव है, और स्वभाव तक पहुंचने के लिये धर्म के विविध प्रकार हैं। धर्म का आत्यंतिक रूप है स्वभाव में जीना। और आज हम स्वभाव से भटक गये हैं, वरना व्यक्ति कभी नहीं पूछता कि आप स्वस्थ और प्रसन्न हैं? स्वस्थ व्यक्ति कभी नहीं पूछता कि मैं स्वस्थ हूं या नहीं- ? यदि स्वस्थ व्यक्ति पूछता है कि मैं स्वस्थ हूं या नहीं, तो वह व्यक्ति बीमार हो चुका है। धर्म का मर्म यही है कि माता पिता की सेवा करना, गुरू जनों के संघ का ध्यान रखना, और परमात्मा की नजरों से गुजरना, किसी को दुःख नहीं देना, सबके प्रति मैत्रीपूर्ण व्यवहार रखना। अहिंसा शब्द में ही इतना गहरा अर्थ छुपा है कि धर्म का मर्म एक बार में ही समझ आ जाये...! **-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**होंगे महावीर जयंती 21 अप्रैल तक लगभग 50 रक्तदान शिविर का आयोजन, 2550 यूनिट रक्त एकत्र करने का रखा लक्ष्य, श्री महावीर कॉलेज में रक्तदान शिविर में 56 यूनिट ब्लड एकत्र**

**20 अप्रैल को होगा सभी सहयोगी संस्थाओं के सम्मान के लिए समाज भूषण स्वर्गीय श्री राजेंद्र के गोधा की स्मृति में होगा जीवन रक्षक सम्मान समारोह**







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सी स्कीम स्थित श्री महावीर कॉलेज एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर द्वारा दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार दिनांक 16 मार्च 2024 को कॉलेज परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान के लिए 100 से अधिक लोगों का पंजीयन हुआ। शिविर में 56 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन श्री महावीर दिगंबर शिक्षा परिषद के कोषाध्यक्ष महेश काला ने सन्मति ग्रुप के अध्यक्ष मनीष लोंग्या , मुख्य समन्वयक दर्शन जैन, राकेश गोदिका, समन्वयक संजय छाबड़ा, राकेश संघी, अनिल रावका, डॉक्टर अनुपम जैन, रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या एवं अन्य गणमान्य सदस्य मौजूद रहे। महावीर दिगंबर जैन शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमरावमल संघी, कॉलेज प्राचार्य डॉ आशीष गुप्ता ने रक्तदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

-डॉ. आशीष गुप्ता



# चंद्रप्रभु भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया



### ग्यारह किलो का लड्डू चढ़ाया, श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

**टोंक. शाबाश इंडिया**

श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर तेरापंथीयान माणक चौक पुरानी टोंक में दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में फाल्गुन शुक्ल सप्तमी के अवसर पर जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु का मोक्ष कल्याणक दिवस शनिवार को मनाया गया। समाज के प्रवक्ता राजेश अरिहंत ने बताया कि चंद्रप्रभु मंदिर में प्रातः बेला में भगवान की शांति धारा करने का सौभाग्य कमल कुमार अंकुश कुमार कासलीवाल के परिवार को मिला शांतिधारा के पश्चात नित्य नियम पूजा, भगवान चंद्रप्रभु की पूजा, णमोकार पूजा, नव देवता पूजा ,24 तीर्थंकर की पूजा की गई जी सी एम म्यूजिकल ग्रुप की सुमधुर स्वर लहरियो के साथ प्रातःचंद्र प्रभु भगवान की पूजा के पश्चात कनक श्री महिला मंडल नैतिक महिला मंडल चंद्र प्रभु महिला मंडल दिगंबर जैन महासमिति मुनिसुव्रत शुभकामना परिवार जैन युवा मंच आदिनाथ शुभकामना परिवार के सदस्यों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव के साथ निर्वाण कांड का वाचन किया गया इस अवसर पर चंद्र प्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक को दशार्ती हुई भव्य झांकी बनाई गई एवं भगवान चंद्र प्रभु को मनीष चेतन कमल शेखर देवराज जीतू प्रकाश अशोक पारस दीपक आदि के द्वारा 11 किलो का लड्डू चढ़ाया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी भगवान को श्री फल,चावल बादाम ,लोंग सहित अष्ट द्रव्य चढ़ाए श्रद्धालुओं ने भगवान चंद्रप्रभु के जयकारे लगाए मनीष जैन सोनी ने बताया कि उक्त समस्त क्रियाएं पंडित दीपक शास्त्री के सानिध्य में संपन्न हुई इस अवसर पर पवन सुरेंद्र सम्भीर सूरज धनराज रमेश मनोज प्रदीप संतरा इंदिरा शालिनी रीटा अनीता सुनीता प्रियंका सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थे। मंदिर समिति के अध्यक्ष देवराज काला मंत्री चेतन बिलासपुरिया ने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ की वेदी चौबीस भगवान की वेदी जिनवाणी माता एवं सरस्वती भंडार पर भी लड्डू चढ़ाए गए राहुल जैन ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर में सरावगी समाज टोंक के अध्यक्ष रमेश छाबड़ा अतिशय क्षेत्र साखना के अध्यक्ष प्रकाश सोनी राहुल जैन अतिशा पिंकी



कम्मोरानी मधु प्रेमलता सुमन आशा प्रकाश पटवारी महावीर जिनेन्द्र निर्मल सहित जयपुर अजमेर कोटा इंदौर मुंबई एवं टोंक शहर के समस्त कालोनियों से सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे सरावगी समाज टोंक के अध्यक्ष रमेश छाबड़ा ने बताया कि मोक्ष कल्याणक दिवस के अवसर पर श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन नसिया तेरापंथी, श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन नसिया श्याम बाबा,श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन चैत्यालय बाबरो का चौक में भी भक्ति भाव के साथ निर्वाण लड्डू चढ़ाए गए शहर के सभी जिनालयों में आज के दिन विशेष पूजा अर्चना की गई।

## देवाधिदेव श्री 1008 चन्द्रप्रभु भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया



**मुकेश जैन लार. शाबाश इंडिया**


टीकमगढ़। समीपवर्ति श्री 1008 दिगम्बर जैन मंदिर लार मे देवाधिदेव श्री 1008 चन्द्रप्रभु भगवान का मोक्ष कल्याणक महामहोत्स्व बड़े ही भक्ति भाव उमंग के साथ मनाया गया। प्रातःकालीन बेला मे नित्य नियम सामूहिक अभिषेक शांतिधारा पूजन एवं विधान का आयोजन किया गया ।तत्पश्चात निर्वाण लाडू चढ़ाया गया,रात्रि मे भक्तांबर के 48 दीप प्रजवालित किये गये। समस्त विधि विधान का कार्य पंडित कमल कुमार जी शास्त्री के कुशल निर्देशन में सम्पन्न किये गये।

## जयरामदास बाबा की बगीची कुदन में फागोत्सव



**सुधीर शर्मा. शाबाश इंडिया**

सीकर। जयरामदास बाबा की बगीची कुदन में शनिवार रात को संत श्री प्रकाश दासजी महाराज के सानिध्य में फागोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सबसे पहले गणेश वंदना की गई। उसके बाद बाबा को याद किया गया तथा प्रकाश दासजी महाराज का स्वागत किया गया फतेहपुर के फदनपुरा गांव से आयी पार्टी द्वारा प्रोग्राम दिया गये सभी प्रस्तुति बहूत ही शानदार रही जिसमें सभी उम्र के लोग झुमने लगे तथा आसपास के गांव के लोगों ने भी भाग लिया जिसमें सभी उम्र के लोग शामिल रहे। प्रकाश दासजी महाराज ने बताया हमें हमारी संस्कृति नहीं भुलना चाहिए। यही सब कुछ भाईचारा व प्रेम बढ़ाता है ।आने वाली पिढी को हमारे पुराने त्यौहारों की याद दिलाता है।



# भारतीय जैन मिलन जयपुर का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भारतीय जैन मिलन जयपुर शाखा का शपथ ग्रहण समारोह को संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह भट्टारक जी की नसियां में आयोजित किया गया। इसमें अनिल जैन ने अध्यक्ष, तरुण जैन ने सचिव पद की शपथ ली शपथ भारतीय जैन मिलन राजस्थान प्रांत के अध्यक्ष प्रकाश जैन द्वारा अध्यक्ष मंत्री व सभी पदाधिकारी को दिलाई गई। इसमें संरक्षक पदों पर डॉ राजीव जैन, राकेश गोदीका, मनीष वेद और पीयूष सोनी और मनीष झांझरी को मनोनीत किया गया। आए हुए सभी मेहमानों ने अध्यक्ष, मंत्री और सभी पदाधिकारीयो को बधाइयां प्रेषित की। अनिल जैन अध्यक्ष तरुण जैन सचिव ने बताया कि संस्था द्वारा वर्ष पर्यन्त सामाजिक, धार्मिक और मनोरंजक कार्यक्रम किए जाएंगे और संस्था को जयपुर स्तर पर।

# जैन धर्म प्रचारक जौला को पितृशोक




**निवाई. कासं।** जैन समाज धर्म प्रचारक विमल जौला को पितृ शोक हुआ है। धर्म प्रचारक विमल जौला के पिता प्रमुख समाजसेवी स्व. सूरजमल जैन पाटनी जौंला के निधन हो जाने से संपूर्ण जैन समाज में शोक की लहर दौड गई। स्व. सूरजमल जैन पाटनी एक सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उनका अधिकतम समय देव शास्त्र व गुरू एवं स्वाध्याय में व्यतित रहता था। वह परम भक्त, व्यवहार कुशल, मिलनसार व प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी थे। उल्लेखनीय है कि स्व.जैन को आचार्य विवेक सागर महाराज, मुनि शुद्धसागर महाराज व अनुपमसागर महाराज ने चार प्रकार का आहार का त्याग करवाया एवं णमोकार मंत्र सुनाया। विमल जौला ने बताया कि तीये की बैठक सोमवार को गंगा-जमना गर्डन में आयोजित होगी। **निवाई-स्व. सूरजमल जैन पाटनी।**

# रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ का बैंगकॉक, पटाया, फुकेट, कराबी ट्यूर 20 मार्च से




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ द्वारा एक 45 क्लब सदस्यों की यात्रा बैंगकॉक, पटाया, फुकेट और कराबी जाना सुनिश्चित किया गया है। यह यात्रा दिनाक 20 मार्च से 27 मार्च तक रोटरी क्लब के इलेक्ट अध्यक्ष अनिल जैन के सानिध्य में संपन्न की जाएगी। इसके लिए दिनांक 17 मार्च रविवार को क्लब के सदस्य दीपक सोनी, स्वर्ण मंगल ज्वेलर्स चौड़ा रास्ता जयपुर ने अपने शोरूम पर सभी विदेश यात्रा जाने वाले यात्रियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसी के साथ साथ रोटरी क्लब में जोड़ें गए लगभग 10 नए कपल्स का भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। रोटरी क्लब के इलेक्ट अध्यक्ष अनिल जैन द्वारा दीपक सोनी का धन्यवाद और आभार ज्ञापित किया गया और रोटरी क्लब द्वारा वर्ष पर्यंत किए जाने वाले कार्यकमों की विस्तृत जानकारी प्रेषित की।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com












# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति का विशाल हास्य-व्यंग्य कवि सम्मेलन संपन्न

**दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के तत्वावधान में हुआ आयोजन**

## शुभारंभ में परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को अपनी रचनाओं के द्वारा कवियों ने विनयांजलि अर्पित की

### देर रात तक हास्य-व्यंग्य की रचनाओं में भीगत रहे काव्य रसिक

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के तत्वावधान में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर की ओर से संयोजित हास्य कवि सम्मेलन नारायण सिंह सर्किल स्थित भट्टारक जी की नसियां में आयोजित हुआ। इस मौके पर देश के ख्यातनाम रचनाकारों ने हास्य-व्यंग्य की ऐसी फुहार बिखेरी कि लोग देर तक इन कवियों की गुदगुदाती रचनाओं के रस में भीगते व मुस्कुराते रहे। सम्मेलन में कवियों ने समाज की वर्तमान दशा, आसपास की घटनाओं, राजनीतिक घटनाओं आदि पर व्यंग्य बाण छोड़कर व्यवस्था पर भी तीखे प्रहार किए। रह-रह कर उठते ठहाकों और तालियों की गड़गड़ाहट ने कवियों का हौसला बढ़ाया। मुख्य समन्वयक दर्शन - विनिता जैन व राकेश गोदिका-समता गोदिका ने बताया कि कवि सम्मेलन के प्रारंभ सन्मति ग्रुप की महिला सदस्यों ने समता गोदिका के नेतृत्व में मंगलाचरण और णमोकार मंत्र में अपने स्वर सजाए। कार्यक्रम में आए कवियों ने सम्मेलन के शुभारंभ में परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को अपनी रचनाओं के द्वारा विनयांजलि अर्पित की। जैन धर्म की सत्य अंहिंसा को अपने शब्दों में समावेश किया। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियो प्रमोद पहाड़िया, सुनील - सपना जैन, सुधीर- संगीता जैन गोधा, उमराव मल संघी, सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, शैलेंद्र गोधा, पियूष - मोनाली जैन सोनी आदि का स्वागत ग्रुप सदस्यो द्वारा पगड़ी पहनाकर, माला पहनाकर, दुपट्टा उड़ाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। सन्मति अध्यक्ष मनीष - शोभना लोंग्या व सचिव राजेश - रानी पाटनी के अनुसार समारोह का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन दीप प्रज्वलन कर्ता उमराव मल संघी के साथ सभी अतिथियों किया। रीजन अध्यक्ष राजेश - सीमा बड़जात्या ने बताया कि मंच संचालन करते हुए कवि अशोक भाटी ने सबसे पहले सरस्वती वंदना के लिए उदयपुर की कवियत्री दीपिका माही को माइक पर बुलाया। उन्होंने मां सरस्वती की वंदना करते हुए सुनाया, शब्द भवानी मात शारदे मैं तेरे गुण गाउंगी। समन्वयक चक्रेश जैन व राकेश संघी ने बताया कि कवि सम्मेलन को परवान चढ़ाया बांरा से आए कवि सुरेंद्र यादवेंद्र ने भारत की संस्कृति के बारे में कहा, पाकिस्तानी सरहद पर सिर्फ किराए के हथियार लड़ते है, हमारी सीमा पर संस्कृति लड़ती है, संस्कार लड़ते हैं। @ ...पेज 10 पर



दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के तत्वावधान में हुआ आयोजन

# विशाल हास्य-व्यंग्य कवि सम्मेलन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के तत्वावधान में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर की ओर से संयोजित हास्य कवि सम्मेलन नारायण सिंह सर्किल स्थित भट्टारक जी की नसियां में आयोजित हुआ। रचनाकार प्रहलाद चांडक ने मानव चरित्र को अपनी रचना में यूं बयां किया, चेतना में शी का यदि चरित्र नहीं है। उज्जेन से आए कवि जो सम्मेलन का संचालन भी कर रहे थे, ने सुनाया,पीते हैं तो तबियत खराब होती है, नहीं पीते तो नीयत खराब होती है, एक दिन पीते, एक दिन नहीं पीते, न तबियत ने नीयत खराब होती है। भीलवाड़ा से आए कवि दीपक पारीक ने सुनाया, गुजरा जो वक्त आया बहारों के बीच में, हमने भी करदी शायरी यारों के बीच में, रिश्ते सुधारने हों तो दीवार तौड़ दो, क्यों झांकते हो रोज दरारों के बीच में। सम्मेलन मे विभिन्न मुद्दो पर हास्य और व्यंगात्मक पर की गई रचनाओं के साथ दीपिका माही ने श्रंगार के रस को राजस्थानी भाषा में कुछ यूं बयां किया, ठाडो लागे बायरो, थां बिन रो न जाय, बेगा आजो सायबां, थां बिन रो ने जाए। भगवान श्रीरा के स्वागत में कवि अशोक चारण ने सुनाया, सिंहासन तैयार हुआ बालधाम आपका स्वागत है, अवधपुरी के आंगन में श्रीराम आपका स्वागत है।सम्मेलन की प्रारंभिक उद्घोषणा शिखा जैन ने की। संस्थापक अध्यक्ष व कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक राकेश - समता गोदिका ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक आर के मार्बल ग्रुप तथा सह प्रायोजक ए आर एल इनफोट्रेक तथा दैनिक समाचार जगत समूह थे ।रीजन अध्यक्ष राजेश - बड़जात्या व महा सचिव निर्मल - सरला संघी ने बताया कि कार्यक्रम की आयोजन समिति में मुख्य समन्वयक दर्शन - विनिता जैन, राकेश - समता गोदिका, परामर्शक सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, राजेश -जैना गंगवाल, विनोद - शशि तिजारिया, दिनेश - संगीता गंगवाल, समन्वयक संजय - ज्योति छाबड़ा, राकेश - रेणु संघी, अनिल - निशा संघी, चक्रेश - पिंकी जैन, अनिल - प्रेमा रावका, राजेश - रितु छाबड़ा, राजीव - अंजू जैन, कमल - मंजू ठोलिया, प्रदीप - प्राची जैन, अनिल - ज्योति चौधरी, सयोजक नितेश - मीनू पांड्या,सपन - रजनी छाबड़ा, सुधीर - अलका गोधा थे जिनके द्वारा बहुत ही सुंदर आयोजन किया। कार्यक्रम में जयपुर स्थित सभी दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष, सचिव व पदाधिकारियों,विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों तथा समाज के गणमान्य नागरिको ने उपस्थित होकर समारोह का गौरव बढ़ाया। @...पेज 11 पर














दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के तत्वावधान में हुआ आयोजन

# विशाल हास्य-व्यंग्य कवि सम्मेलन


















@...Page 12

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के तत्वावधान में हुआ आयोजन

# विशाल हास्य-व्यंग्य कवि सम्मेलन





















# आठ दिवसीय श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान महोत्सव का आगाज धवजारोहण के साथ हुआ

## चंद्रप्रभू मंदिर जी से घटयात्रा निकाली गई, 25 मार्च को होगा विधान का समापन



**किशनगढ़. शाबाश इंडिया।** सिटी रोड स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी में फालगुन मास की अष्टानिका पर्व के अंतर्गत अष्ट दिवसीय श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान महोत्सव का आगाज भव्य आज धवजारोहण के साथ हुआ। इससे पूर्व प्रात काल श्री मददेवाधिदेव 1008 श्रीआदिनाथ भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न हुई जिसका पुणयार्जन विधान के सोधर्म परिवार आर के परिवार विधान के यज्ञनायक आनंद कुमार कनक लता बज और विधान के प्रति इंद्र सुमेर चंद पाटौदी परिवार को प्राप्त हुआ। शांति धारा के पश्चात चंद्रप्रभू मंदिर जी से घटयात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर चल रही थी। यह शोभा यात्रा चंद्रप्रभु मंदिर से प्रारंभ होकर तेली मोहल्ला आर के ओल्ड हाउस से होती हुई सिटी रोड स स्थित आदिनाथ मंदिर पहुंची मंडप शुद्धि एवं सकलीकरण की क्रिया की गई फिर ध्वजारोहण हुआ आर के परिवार से अशोक पाटनी सुशीला पाटनी एवं शांत पाटनी ने धवजारोहण किया तत्पश्चात विधान महोत्सव की पूजन प्रारंभ हुई इस विधान में श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर से पधारे उपाचार्य डॉक्टर किरण प्रकाश जी शास्त्री, अभिषेक भैया एवं रोहित भैया के मार्ग निर्देशन में विधान पूजन संपन्न कराई गई। इस अवसर पर आदिनाथ पंचायत के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र गंगवाल मुनिसुव्रतनाथ पंचायत के अध्यक्ष विनोद पाटनी मंत्री विनोद चौधरी उप मंत्री इंदरचंद पाटनीकोषाध्यक्ष संपत दगड़ा उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद गंगवाल निर्मल कुमार छाबड़ा ज्ञानचंद पाटनी महेंद्र गंगवाल सुभाष चौधरी पवन लुहाडिया राजेंद्र चौधरी सुशील काला आनंद कुमार बज सुमेर अजमेरा कैलाश चंद्र पहाड़िया कमल सेठी दिनेश दगड़ा आदि अनेकों श्रावक श्राविकाएं उपस्थित रही।

# यूथ आइकॉन अवार्ड से राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में सम्मानित हुए गोविन्द जांगिड़

**नई दिल्ली. शाबाश इंडिया।** सामाजिक सरोकार व बाल संरक्षण के क्षेत्र में अपनी एक खास पहचान बना चुके जयपुर के गोविन्द जांगिड़ दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में बाल संरक्षण व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए यूथ आइकॉन अवार्ड 2024 से नवाजे गए गोविन्द जांगिड़ अपने क्षेत्र में किए गए। नवाचारों व विशेष कार्यों के चलते जिला जिलास्तर, राज्यस्तर व राष्ट्रीय स्तर पर कई सम्मानों से नवाजे जा चुके है ओर युवाओं में यूथ आइकॉन के रूप में उभर रहें है। यह आयोजन ऑल मीडिया काउन्सिल द्वारा दिल्ली में आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 30 सेवाभावी हस्तियों को सम्मानित किया गया। गोविन्द जांगिड राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं बाल विकास आयोग ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष है जो कि संगठन बाल संरक्षण, शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, मानवाधिकार व जनहित से जुड़े कार्यों में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है ओर इन सब कार्यों के चलते संगठन अपनी एक खास पहचान बना चुका है कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी तथा बतौर विशिष्ट अतिथि विधायक दीपक कुमार मिश्रा, विधायक प्रोफेसर सत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी, अमरनाथ सनातन युग केंद्र के संस्थापक स्वामी ज्ञानसागर जी महाराज, महेंद्र यादव, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, रामगढ़िया दिल्ली बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र पाल सिंह गग्गी, डाक्टर दिव्या तंवर, जीया लाल, रामजी सिंह आदि उपस्थित रहे। गोविन्द जांगिड ने इस सम्मान से नवाजे जाने पर ऑल मीडिया काउन्सिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेंद्र विश्वकर्मा का आभार व्यक्त किया।




# राष्ट्रीय स्तर पर कॉस्ट अकाउंटेंट्स के ब्यावर चैप्टर को सर्वश्रेष्ठ चैप्टर के अवार्ड से नवाजा गया




**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। द इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट ऑफ इंडिया (सीएमए) द्वारा रविवार को मध्य प्रदेश के इंदौर में ''राष्ट्रीय चैप्टर्स मीट'' का आयोजन किया गया। जिसमे सम्पूर्ण भारत के 116 चैप्टर्स के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत सीएमए भारत के अध्यक्ष अश्विन दलवाड़ी ने सीएमए हेतु भविष्य में आने वाली संभावनाओ के बारे में बताया और सेंट्रल कौंसिल के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर देश के विभिन्न भागो से आये विभिन्न प्रतिनिधियों ने कॉस्ट अकाउंटेंट्स हेतु नव कार्यशेली और नए नए विविध नवाचारो हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए गये। इसके पश्चात विभिन्न चैप्टर्स द्वारा पिछले वर्षो में किये गये कार्यो, स्टूडेंट्स के लिए करियर कॉउंसलिंग, प्रोफेशन के विकास हेतु किये गये कार्यों के आधार पर बेस्ट चैप्टर अवार्ड प्रदान किया गया। इसी कड़ी में ब्यावर चैप्टर को राष्ट्रीय स्तर पर ₹डीइ केटेगरी में बेस्ट चैप्टर का अवार्ड से सम्मानित किया गया। ब्यावर चैप्टर चेयरमैन सीएमए मितेश चोपडा, चैप्टर के पूर्व चेयरपर्सन सीएमए रुपेश कोठारी और सीएमए ज्योति माहेश्वरी ने अवार्ड प्राप्त किया। ज्ञातव्य रहे की इससे पूर्व भी उत्तर भारतीय रीजन में ब्यावर चैप्टर को अपनी नेतृत्व क्षमता और कार्यप्रणाली के कारण अपनी स्थापना के बाद से लगातार तीन बार प्रथम स्थान पर बेस्ट चैप्टर का अवार्ड मिल चुका है। लेखाकार संस्थान के केंद्रीय परिषद के सदस्य सीएमए एम.के.आनंद, उत्तर भारत रीजन के चेयरमैन सीएमए एस.एन.मित्तल, उत्तर भारत रीजन के वाइस चेयरमैन सीएमए राकेश यादव, सीएमए संतोष पंत आदि कई दिग्गज सदस्य उपस्थित थे।


## तीये की बैठक



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय

**श्रीमती शान्तिदेवी जैन**

धर्मपत्नी स्व. माणक चंद जी जैन (कलवाड़ा वालों) का स्वर्गवास दिनांक 16 मार्च 2024, शनिवार को हो गया है, जिनकी तीये की बैठक 19 मार्च 2024, मंगलवार को प्रातः 10 बजे तोतूका भवन, भट्टारक जी की नसियां में होगी।

**शोकाकुल**

नरेंद्र -सुशीला, वीरेंद्र-प्रिया (पुत्र-पुत्र वधु), पुष्पेन्द्र, अशोक (भतीजे), इंद्रा, अनिला-प्रमोद छाबड़ा (पुत्री-दामाद), कृतिका-रोहित (पौत्री -दामाद), उर्वशी, ऋषभ, गौतम ( पौत्री, पौत्र ), नेमी चंद, प्रकाश चंद ( पौत्र) एवं समस्त दगड़ा (जैन) परिवार कलवाड़ा वाले।

**पीहर पक्ष**

महावीर प्रसाद, रवि, चेतन चांदवाड़ जैन (बसवा वाले ) एवं अरुण, अमित, अखील सौगानी परिवार मोहनबाड़ी।

# मंदिर चंद्रप्रभ जी दुर्गापुरा में अष्टान्हिका विधान प्रारंभ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन मंदिर चंद्रप्रभ जी दुर्गापुरा में अष्टान्हिका महापर्व के पावन अवसर पर रविवार दिनांक 17.03.2024 को नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान की पूजा के शुभारंभ पर पंडित रितिक जैन शास्त्री ने मण्डल पर मंगल कलश स्थापित कराया तथा बड़े भक्ति भाव से मधुर स्वर में पूजा का अर्थ बताते हुए पूजा कराई।

# जैन धर्म के सिद्धांतो को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक विशाल पदयात्रा निकाली



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

17 मार्च रविवार को प्रातः 7.30बजे गुरुदेव भगवन व जैन धर्म के सिद्धांतो को जन-जन तक पहुचाने के उद्देश्य से एक विशाल पदयात्रा निकाली गई, जो मीरा मार्ग जैन मंदिर मानसरोवर से रवाना हुई । श्रेष्ठि नरेन्द्र श्रीमल परिवार ने झंडी दिखा कर यात्रा को रवाना किया, साथ ही समाज के कई गणमान्य लोग कमल संचेती, महेंद्र सिंघवी, प्रदीप लाला, विनोद कोटखावदा, मनीष बैद भी इस अवसर पर मौजूद रहे ।तत्पश्चात मध्यम मार्ग से होते हुए थड़ी मार्केट जैन मंदिर व एस एफ एस जैन मंदिर पहुंची, जहाँ मन्दिर द्वारा पदयात्रियों के लिये अल्पाहार भी रखा गया। उसके बाद पदयात्रा सांगानेर स्टेडियम पहुँची, वहाँ पर सांगानेर, प्रतापनगर व अन्य मंदिरों सभी लोग जुलुस में शामिल हुए स्टेडियम से पदयात्रा एक विशाल जुलूस के रूप में निर्मित हुआ जिसमें घोडी व बैंड बाजे के साथ जुलूस निकाला गया, जुलूस को प्रमोद जैन ,भागचंद पांडया व प्रतापनगर री 8 द्वारा जुलूस को झंडी दिखा कर रवाना किया गया, इसके बाद ये विशाल जुलूस सांगानेर शहर होते हुए अतिशय क्षेत्र संघी जी सांगानेर पहुंचा, संघी जी मंदिर में एक विशाल विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया।सभी पुण्यार्जक परिवार नरेन्द्र, पन्नालाल चाँदवाड, प्रकाश बाकलीवाल बॉसखो, विज्ञान जैन महाधिवक्ता राज सरकार, रश्मि जैन, राजेश काला, देवेन्द्र बोहरा, मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य सयोजक अक्षय छाया लुहाड़िया उपस्थित रहे।सर्वप्रथम राशि लुहाड़िया द्वारा नृत्य के रूप में गुरु वंदना की गई, दीप प्रज्वलन प्रकाश बॉसखो द्वारा किया गया।उसके पश्चात मंच संचालक विधि पाटनी द्वारा गुरुदेव के जीवन पर कई बाते बता कर लोगो को गुरु भक्ति से भाव विभोर कर दिया।गुरुदेव के जीवन पर 20 मिनिट की एक फिल्म भी दिखाई गई व अंत मे गुरुदेव की महाआरती श्री पन्नालाल चाँदवाड परिवार द्वारा की गई।कार्यक्रम के मुख्य आयोजक जे एस जी जनक व भारतीय जैन युवा परिषद व सह-आयोजक राजस्थान जैन युवा महासभा मानसरोवर जोन व राष्ट्रवादी जैन संगठन रहे। कार्यक्रम के मुख्य सयोजक अक्षय लुहाड़िया ने बताया कि उनके साथ मनोज, अनिल, विमलेश, नवीन, रोहित, गजेन्द्र, रवि रावंका, प्रणव लुहाडिया, ममता बोहरा,आलोक पाटनी, विनोद जैन लदाना, नेमी चंद छाबड़ा, अनंत जैन, राकेश, विनीत जी पाटनी, अमित पांडया व अन्य सभी ने पूरे आयोजन की व्यवस्था में अपना सहयोग प्रदान किया।

# घट यात्रा के साथ सिद्ध चक्र महामंडल विधान प्रारंभ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन मंदिर, प्रबंध समिति, गायत्री नगर, महारानी फार्म, जयपुर के तत्वावधान में 17 मार्च 2024 प्रातः 6:15 बजे मंदिर जी में श्री जी के अभिषेक शांति धारा हुई , तत्पश्चात श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान की क्रियाओं के अंतर्गत सर्वप्रथम विधि विधान के साथ झंडारोहण सिद्ध चक्र महामंडल विधान पुन्यार्जक संतोष गंगवाल व अशोक पापड़ीवाला परिवार द्वारा किया गया।मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा ने अवगत कराया कि झंडारोहण के पश्चात भव्य घट यात्रा बैंड बाजों के साथ निकाली गई, महिलाओं द्वारा कलशों में शुद्ध जल भरकर तलघर में स्थित मंडल की शुद्धि की गई। तत्पश्चात नित्य नियम की पूजा के साथ सिद्धों की आराधना के 8 अर्घ्य मंडल पर चढ़ाए गए। इस अवसर पर युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन, पुलक महिला जागृत मंच की राष्ट्रीय महामंत्री बीना टोंग्या ,मंदिर प्रबंध समिति के मंत्री राजेश बोहरा, कोषाध्यक्ष राकेश छाबड़ा ,पदम झांझरी, संतोष रावंका, भागचंद बाकलीवाल पार्श्वनाथ नगर ,प्रकाश गंगवाल कीर्ति नगर, सुभाष बज नालंदा बिहार, निर्मल गोधा, नेमीचंद वैशाली नगर,पारस जैन गायत्री नगर आदि विभिन्न कॉलोनी से श्रावक-श्राविकायें उपस्थित होकर विधान की क्रियाएं सानंद शुभारंभ करवाई।सभी मांगलिक क्रियाएं विधानाचार्य पं. संजय जैन सांगानेर द्वारा कराई गईं।

# नेट थियेट पर नाटक सोने की चिडिया

## जयपुर के कलाकारों ने पुरातन संस्कृति को उजागर किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेट थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज नाद संस्था द्वारा रंगकर्मी अनिल मारवाड़ी द्वारा निर्देशित नाटक सोने की चिड़िया का सशक्त मंचन किया गया। नेटथियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि सोने की चिडिया नाटक में भारत की पुरातन संस्कृति का बखान करते हुये सामाजिक समस्याओं पर भी प्रकाश डाला साथ ही नाटक के माध्यम से भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक विकास को भी दर्शाया। नाटक के माध्यम से वसुधैव कुटंबकम का संदेश दिया। नशे, जात-पात, कुरूतियों से दूर हो कर ही हम फिर से बनेगें सोने की चिडिया।नाटक में प्रसिद्ध रंगकर्मी मनोज स्वामी और रेणू सनाढ्य ने अपने सशक्त अभिनय से भारतीय संस्कृति को दशार्या साथ ही धृति शर्मा, सागर विनोद गढवाल, तपेश शर्मा, जिवितेश शर्मा ने नाटक के संदेश को अपने अभिनय से बखुबी उजागर किया। नेट थिएट पर इजरायल से पधारे दंपत्ति एलन और ओलिव ने भी भारतीय संस्कृति का आनंद उठाया।कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, प्रकाश व्यवस्था राजेन्द्र शर्मा राजू व मंच व्यवस्था अंकित शर्मा नोनू की रही, गुलजार हुसैन का संगीत नाटक के अनुरूप रहा।

# इन्द्र ध्वज विधान में गूंजे श्रीजी के जयकारे





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अष्टान्हिका पर्व के अवसर पर श्याम नगर वशिष्ठ मार्ग के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में सर्वांगभूषण आचार्यश्री चैत्य सागर जी महाराज के सानिध्य में श्री इन्द्रध्वज महामंडल विधान में भक्ति भाव से पूजा हुई। इस दौरान आसपास का क्षेत्र श्रद्धा और आस्था के रंग में डूब गया। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष निहाल चन्द्र जैन ने बताया कि महोत्सव के तहत रविवार को सुबह नित्याभिषेक के बाद नित्य नियम पूजा के बाद श्री इन्द्रध्वज महामंडल विधान हुई। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने आया मंगल दिन मंगल अवसर...कर लो जिनवर का गुणगान...जैसी भजनों की स्वर लहरियों के बीच मंडल पर सौधर्म इन्द्र निनोद कुमार पांडया व सुलोचना पांडया,चक्रवर्ती प्रभाचंद्र-मधु चांदवाड़ सहित अन्य इन्द्र-इन्द्राणियों में मंडल पर ध्वजा चढ़ाई। इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्यश्री चैत्य सागर जी महाराज ने कहा कि इस विधान में पवित्र हाथों से मंगल क्रियाएं संपन्न होती हैं उनके जीवन में हमेशा मंगल होता है। इंद्र ध्वज मंडल विधान की पूजन का अवसर महान सौभाग्य वालों को ही मिलता है। घटयात्रा भी धर्म प्रभावना का प्रमुख अंग है। विधान में स्वयं इंद्रों द्वारा भगवान की पूजन की जाती है एवं जिनालयों पर इंद्रों द्वारा ध्वजा चढ़ाई गई। इस पूजन में किए गए मंत्रों की अराधना से संसार में प्राणी मात्र के जीवन में सुख समृद्धि और शांति व्याप्त होती है एवं दुर्भिक्ष अकाल से मुक्ति मिलती है। उन्होंने आगे कहा कि इस विधान में कुल 458 अकृत्रिम चौत्यालयों में विराजमान जिन बिम्बों को अर्घ्य समर्पित किए गए। इन्द्र ध्वज महामंडल विधान शाश्वत पुण्य का उदय है। जिनेन्द्र भगवान की पूजा भक्ति सिद्ध अवस्था को प्राप्त कराती है। वीतरागी मुद्रा का चिंतन राग द्वेष का शमन करता है। जो जीव भगवान के नजदीक रहता है। उसके चिंतन, मंथन, संयम तप धारण करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। इसीदिन साम को रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। विधान का समापन 25 मार्च को होगा।

# डा . अनुषा सक्सेना को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया



जयपुर. शाबाश इंडिया। RUHS (राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्व विद्यालय) के गरिमामय दीक्षांत समारोह 2024 जो को ''बिरला सभागार'' में आयोजित किया गया। दासवानी डेंटल कॉलेज कोटा की प्रतिभाशाली विद्यार्थी डा .अनुषा सक्सेना को सम्पूर्ण विश्व विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर,माननीय राज्यपाल और माननीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा स्वर्ण पदक और डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। हार्दिक बधाइयां

# भगवान चन्द्रप्रभु के मोक्ष कल्याणक पर्व पर धार्मिक आयोजन



**अर्पित जैन. शाबाश इंडिया**

भैंसलाना। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम लूणवा के श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र में शनिवार को चन्द्रप्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर अनेक धार्मिक आयोजन हुए।अतिशय क्षेत्र कमेटी के मंत्री वर्धमान काला और अशोक जैन ने बताया की चन्द्रप्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर अतिशय क्षेत्र में आर्यिका नंदीश्वरमति माताजी ससंघ के सानिध्य में मंदिर में चन्द्रप्रभु विधान,निर्वाण लड्डू अर्पण सहित अनेक धार्मिक आयोजन हुए।सुबह अभिषेक, शांतिधारा, नित्यनियम पूजा, चंद्रप्रभु विधान और शाम को सामूहिक महाआरती का आयोजन हुआ इस दौरान निर्वाणलाडू और विधान कराने का सौभाग्य विमलादेवी धर्मपत्नी स्व. भंवरलाल कविता देवी धर्मपत्नी स्व.सुभाष,सरितादेवी,राजेश पारुल देवी,राहुल विनय अक्षय रिवांश अजमेरा परिवार लूणवा वालों को मिला।

# झंण्डारोहण के साथ सिद्धचक्र महामंण्ल विधान शुरू



**जयपुर/ सम्मेद शिखरजी. शाबाश इंडिया।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन समाज समिति हीरा पथ के सानिध्य में सम्मेद शिखर जी गए 131 यात्रियों ने सर्वप्रथम घट यात्रा निकाली जिसमें महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी उसके पश्चात झंडारोहण प्रतिष्ठाचार्य पंडित विमल कुमार बनेठा के सुपुत्र जितेंद्र कुमार विनोद कुमार जैन ने किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष धन कुमार- मीना कासलीवाल ने बताया कि इसके बाद सभी यात्रियों ने सिद्ध चक्र महामंडल विधान की पूजा से पूर्व मंडल शुद्धि की क्रियाएं की । इसके पश्चात सिद्धों की आराधना महामंडल विधान पर अष्ट द्रव्य से की। यात्रियों का दल 25 मार्च तक सम्मेद शिखरजी में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान शांति धाम स्थित मंदिर में करेगा। महामंडल विधान में सौधर्म इंद्र छुट्टन कुमार -उषा बड़जात्या होंगे। मंत्री सुरेंद्र जैन- सुलोचना कासलीवाल ने बताया कि महामंडल विधान के प्रति यात्रियों के दल में अपार उत्साह नजर आ रहा था। चारों ओर सिद्धों के जानकारे गूंज रहे थे। सिद्ध क्षेत्र पर सिद्धो की आराधना करना विशेष पुण्य का वंध कराता है। इसी उद्देश्य को लेकर सभी यात्री श्रीजी की आराधना कर रहे हैं। सम्मेद शिखर की पावन धरा वह पुण्यशाली धारा है जहां से अनेक तीर्थंकरों ने मोक्ष को प्राप्त किया है जैन समाज का यह सर्वोच्च तीर्थ क्षेत्र है ऐसे क्षेत्र पर पूजा पाठ करना अपने आप में गौरव की बात है।

# सम्मान मील का पत्थर साबित होता है : कर्नल सारंगदेवोत

## जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) तथा सुधाकर पीयूष स्मृति मंच की ओर से पत्रकार प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**



पं. जनार्दन राय नागर विश्वविद्यालय राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति कर्नल एसएस सारंगदेवोत ने कहा कि सम्मानित होने वाले को उत्साह और प्रोत्साहन मिलता है। इससे उसे और कठिन परिश्रम तथा आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। हर सम्मानित होने वाले के लिए छोटा सा सम्मान भी मील का पत्थर साबित होता है। कर्नल सारंगदेवोत रविवार को जर्नलिस्ट एसोसिएशन आफ राजस्थान (जार) तथा सुधाकर पीयूष स्मृति मंच के साझे प्रयास से गुलाबबाग स्थित नवलखा महल में आयोजित सुधाकर पीयूष पत्रकार प्रतिभा सम्मान-2024 के समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पत्रकार जो भी कार्य करता है, उसमें विश्व कल्याण की भावना निहित होती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में चौथा स्तंभ पत्रकारिता है, जो हमेशा मजबूत रहना चाहिए। समारोह के विशिष्ट अतिथि आईएमए के अध्यक्ष डॉ. आनंद गुप्ता ने सुधाकर पीयूष के साथ बिताए पलों का स्मरण करते हुए कहा कि पत्रकार कलम का सिपाही है, जिनकी लेखनी लोगों का जीवन बदल देती है। विशिष्ट अतिथि व निर्णायक मण्डल के सदस्य इतिहासकार डॉ. श्रीकृष्ण जुगनू ने कहा कि वे सुधाकर पीयूष की तीन पीढ़ियों से जुड़े हैं। पहले स्वतंत्रता सेनानी पन्नालाल पीयूष, दूसरे सुधाकर पीयूष और अब उनकी बेटियां हैं जो अपने पिता के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध नजर आती हैं। पूर्व सभापति युधिष्ठिर कुमावत ने कहा कि उदयपुर को संगीत सुधाकर पीयूष ने दिया। उदयपुर में पहला ऑर्केस्ट्रा उन्हीं का था। अध्यक्षता करते हुए सत्यार्थ प्रकाश न्यास के अध्यक्ष अशोक आर्य ने स्वर्गीय सुधाकर पीयूष के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। स्व. सुधाकर पीयूष की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा पीयूष, जार प्रदेशाध्यक्ष सुभाष शर्मा भी मंचासीन थे। समारोह में स्व. सुधाकर पीयूष के मित्र नगर निगम महापौर गोविंद सिंह टांक, समाजसेवी श्रीमती अलका मूंदड़ा, वरिष्ठ नागरिक शिक्षाविद शांतिलाल मेहता, वरिष्ठ पत्रकार विष्णु शर्मा हितैषी, युवा व्यवसायी मुकेश माधवानी, जार के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौशल मूंदड़ा, प्रदेश सचिव राजेश वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष नानालाल आचार्य भी अतिथि थे। प्रारंभ में मास्टर मनय और बेबी केरवी ने अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। सुधाकर पीयूष के पुत्री-दामाद ऋचा-मनीष व मेधा-सचिन ने स्वागत अभिनन्दन किया। जार के जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा राजदीप व महासचिव दिनेश भट्ट ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह में जार पत्रिका विशेषांक का भी विमोचन किया गया। समारोह में मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की ओर से भेजे गए शुभकामना संदेश का भी वाचन किया गया। संचालन डॉ. सीमा चम्पावत तथा ओमपाल सीलन ने किया। दूसरे सत्र में उदयपुर संभाग से आए जार सदस्यों की बैठक हुई जिसमें पत्रकार सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा हुई। बैठक में जार उदयपुर के कोषाध्यक्ष गोपाल लोहार तथा सह कोषाध्यक्ष दिनेश हाड़ा ने आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया।

### पत्रकार प्रतिभाएं हुईं पुरस्कृत

चयन समिति के समन्वयक योवंतराज माहेश्वरी ने बताया कि इतिहासवेत्ता और संस्कृतिविद डॉ. श्रीकृष्ण जुगनू व वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक सिंघवी की कमेटी ने प्राप्त प्रविष्टियों में से ग्रामीण प्रिंट मीडिया रिपोर्टर श्रेणी में नारायण वडेरा (कोटड़ा), शहरी प्रिंट मीडिया रिपोर्टर में विवेक वैष्णव (चित्तौड़गढ़), ग्रामीण फोटो जर्नलिस्ट में ओमप्रकाश शर्मा (कुम्भलगढ़), शहरी फोटो जर्नलिस्ट में प्रमोद सोनी (उदयपुर), वेब मीडिया-ब्लॉग श्रेणी में शंकर चावड़ा (फतहनगर), नवोदित पत्रकार श्रेणी में विप्लव जैन (उदयपुर), डिजिटल मीडिया रिपोर्टर में मांगीलाल लोहार (मेनार), टीवी-केबल टीवी रिपोर्टर श्रेणी में नरेन्द्र कहार (उदयपुर), महिला रिपोर्टर श्रेणी में किंजल तिवारी (उदयपुर), सोशल-कल्चर रिपोर्टर श्रेणी में ओमपाल सीलन (उदयपुर) का चयन किया गया। वरिष्ठ पत्रकार श्रेणी में ग्रामीण क्षेत्र में लम्बे वर्षों से पत्रकारिता की सेवाएं दे रहे उदयपुर जिले के ऋषभदेव के वरिष्ठ नागरिक पवन भूपावत का अभिनंदन किया गया। इन सभी को स्मृति चिह्न, शॉल, पगड़ी, उपरणा व नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार, चयन समिति ने लीलेश कुमार खटीक (पलाना), धीरेन्द्र जैन (ऋषभदेव), चंद्रेश कलाल (डूंगरपुर), संतोष व्यास (डूंगरपुर) व ताराचंद गवारिया (उदयपुर) की प्रविष्टियों को भी सम्मान के लिए चुना गया।

### गिर्राज प्रसाद हरदैनिया स्मृति नवोदित पत्रकार सम्मान भी

पत्रकारिता कोर्स में सर्वोच्च अंक पाने वाले कॉलेज टॉपर्स को गिर्राज प्रसाद हरदैनिया स्मृति नवोदित पत्रकार सम्मान श्रेणी में मोहनलाल सुखाड़िया के पत्रकारिता कॉलेज में सर्वोच्च अंक पाने वाली डिंपल सुहालका तथा निजी क्षेत्र के पत्रकारिता कॉलेज वीआईएफटी के छात्र मानस जैन को भी सम्मानित किया गया।

**रिपोर्ट/फोटो: राकेश शर्मा 'राजदीप'**

## सप्तदिवसीय प्राकृत शिक्षण कार्यशाला सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिनांक 11.3.2024 से 17.3.2024 से आयोजित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर में प्राकृत शिक्षण कार्यशालामें विगत सात दिनों में 57 प्रवेशार्थियों ने अध्ययन किया। जिनके अध्ययन की व्यवस्था निदेशक महोदय के आदेश से बाह्य विद्वान् एवं विश्वविद्यालय के विद्वानों के द्वारा की गई। जिनमें प्रो. जयकुमार जैन, मुजपफ्फरनगर, प्रो. धर्मचन्द्र जैन, जयपुर, प्रो. कमलेश कुमार जैन, जयपुर, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार जैन जयपुर, डॉ. सतेन्द्र कुमार जैन, जयपुर, डॉ. दर्शना जैन, जयपुर तथा डॉ. प्रभात कुमार दास, जयपुर ने अध्यापन कार्य कराया। प्राकृत शिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन दिनांक 11 मार्च 2024 को प्रातः 10:00 बजे हिन्द केशरी सभागार, जयपुर परिसर में प्रो. सुदेश कुमार शर्मा, निदेशक महोदय की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें मुख्यातिथि - प्रो. एस.पी.शर्मा, अलीगढ़, विशिष्टातिथि- प्रो. जयकुमार जैन, मुजपफ्फरनगर, विशिष्टातिथि- प्रो. कमलेश कुमार जैन, जयपुर, कार्यशाला संयोजक डॉ. सतेन्द्र कुमार जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. धर्मेन्द्र कुमार जैन ने किया।

## डॉ. गौरव जैन-दीपशिखा ने फागोत्सव में जमाया रंग



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** गोविंद देवजी मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय भव्य फागोत्सव के पहले दिन प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय गायक युगल डॉ.गौरव दीपशिखा जैन ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से समा बांधा। 'कन्हैया घर चलो आज खेलें होली' और 'कैसो चटक रंग डारो' गीतों पर श्रोता खूब झूमे। इनके साथ अंकिता महेश्वरी और उनकी टीम ने प्रभावशाली नृत्य प्रस्तुत किया। ढोलक पर पावन डांगी ,सितार पर पंडित हरिहर शरण भट्ट ,तबले पर अकबर ,की बोर्ड पर शेरखान ,साइड रिधम पर भवानी डांगी और नगाड़े पर गोपाल खींची ने संगत की। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध गायक संजय रायजादा ने किया।